Prepp
Your Personal Exams Guide

MH SET 2011 HINDI PAPER 2 AUGUST 07, 2011 QUESTION PAPER

AUG-02211/II

# HINDI
## Paper II
# हिंदी
## प्रश्न-पत्र II

**Time Allowed : 75 Minutes]** **[Maximum Marks : 100**

**सूचनाएँ :** (*i*) इस प्रश्न-पत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं।

(*iii*) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. पश्चिमी हिंदी की उत्पत्ति मानी जाती है :

(A) अर्धमागधी से

(B) पैशाची से

(C) महाराष्ट्री से

(D) शौरसेनी से

2. इनमें-से कौन-सी बोली पूर्वी हिंदी की है ?

(A) अवधी

(B) राजस्थानी

(C) खड़ीबोली

(D) बुंदेली

3. दक्षिण की लिपियाँ किस लिपि से विकसित हैं ?

(A) नंदीनागरी लिपि

(B) कुटिल लिपि

(C) गुप्त लिपि

(D) शारदा लिपि

4. खड़ीबोली का आधार है :

(A) कन्नौजी

(B) कौरवी

(C) बुन्देली

(D) छत्तीसगढ़ी

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



5. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली बाँटू परिवार की **नहीं** है ?

(A) जुलू

(B) काफिर

(C) स्वाहिली

(D) गारो

6. संविधान के अनुच्छेद 351 का संबंध किससे है ?

(A) राजभाषा हिंदी के स्वरूप से

(B) संयुक्त राष्ट्रसंघ की भाषा के लिए

(C) व्यथा निवारण के लिए

(D) साहित्यिक भाषा के लिए

7. इनमें-से ऊष्म ध्वनियाँ हैं :

(A) क, ख, ग

(B) श, ष, स

(C) त, थ, द

(D) ट, ठ, ड

8. हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास ग्रंथ किसे माना जाता है ?

(A) हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

(B) हिंदी साहित्य का इतिहास

(C) द माडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान

(D) इस्तवार द ला लितरेत्युर ऐंदुई ए हिंदुस्तानी

9. आदिकाल के अंतिम चरण के प्रसिद्ध कवि थे :

(A) सरहपा

(B) अमीरखुसरो

(C) अब्दुर्रहमान

(D) स्वयंभू

10. विजयपाल रासो की भाषा है :

(A) प्राकृत

(B) प्राकृताभास

(C) अवहट्ट

(D) अपभ्रंश

11. भक्तिकाल को लोक-जागरण काल किसने कहा है ?

(A) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी

(B) ग्रियर्सन

(C) मिश्रबंधु

(D) रामचंद्र शुक्ल

12. रैदास का संबंध है :

(A) काशी से

(B) प्रयाग से

(C) हरिद्वार से

(D) उज्जैन से

www.prepp.in



13. सूफ़ी प्रेमाख्यान काव्य परंपरा के प्रवर्तक माने जाते हैं :
    (A) जायसी
    (B) मंझन
    (C) उस्मान
    (D) मुल्ला दाऊद
14. गोस्वामी तुलसीदास का संबंध किस आचार्य परंपरा से है?
    (A) शंकराचार्य
    (B) मध्वाचार्य
    (C) वल्लभाचार्य
    (D) रामानंद
15. 'सूरसागर' में कितने स्कंध हैं ?
    (A) बारह
    (B) चौदह
    (C) सोलह
    (D) अठारह
16. 'बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर' किसकी पंक्ति है ?
    (A) रसखान
    (B) कबीर
    (C) बिहारी
    (D) तुलसी
17. रीतिकाल को शृंगारकाल किसने कहा ?
    (A) रामचंद्र शुक्ल
    (B) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी
    (C) गणपतिचन्द्र गुप्त
    (D) विश्वनाथप्रसाद मिश्र
18. इनमें-से कौन कवि रीतिमुक्त काव्यधारा के अंतर्गत **नहीं** आते ?
    (A) रसनिधि
    (B) रसलीन
    (C) आलम
    (D) ठाकुर
19. इनमें-से कौन-सी रचना भारतेंदु की **नहीं** है ?
    (A) भारत दुर्दशा
    (B) चंद्रावली
    (C) विषस्य विषमौषधम्
    (D) मयंक महिमा
20. 'भारत भारती' के रचयिता हैं :
    (A) माताप्रसाद गुप्त
    (B) मैथिलीशरण गुप्त
    (C) बालमुकुंद गुप्त
    (D) सियारामशरण गुप्त

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



21. 'साहित्य दर्पण' किसकी रचना है ?
    (A) जयदेव
    (B) विश्वनाथ
    (C) मम्मट
    (D) अप्पय दीक्षित

22. प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष थे :
    (A) प्रेमचंद
    (B) राहुल सांकृत्यायन
    (C) पुरुषोत्तमदास टंडन
    (D) महावीरप्रसाद द्विवेदी

23. नयी कविता के जनक माने जाते हैं :
    (A) शमशेरबहादुर सिंह
    (B) शंभुनाथ सिंह
    (C) नरेंद्र शर्मा
    (D) अज्ञेय

24. यदि गद्य कवियों की कसौटी है, तो निबंध गद्य की कसौटी है'— यह कथन किसका है ?
    (A) अध्यापक पूर्णसिंह
    (B) बाबू श्यामसुंदरदास
    (C) नंददुलारे वाजपेयी
    (D) रामचंद्र शुक्ल

25. कौन-सी कहानी प्रेमचंद द्वारा रचित है ?
    (A) मंत्र
    (B) नशा
    (C) जोंक
    (D) रोज

26. क्रोचे की मान्यताएँ हैं :
    1. कला सृष्टि केवल आंतरिक है।
    2. कला रूप में है, वस्तु में नहीं।
    3. कला अखंड है।
    4. कला कला के लिए है।

    इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है?
    (A) 1, 2 और 4
    (B) 2, 3 और 4
    (C) 1, 2 और 3
    (D) 1, 3 और 4

27. छायावादी युग की रचनाएँ हैं :
    1. आमने सामने
    2. कामायनी
    3. पल्लव
    4. यामा

    इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?
    (A) 1, 2 और 3
    (B) 2, 3 और 4
    (C) 1, 3 और 4
    (D) 1, 2 और 4

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide



28. हिंदी के ऐतिहासिक उपन्यासकार हैं :
1. वृंदावनलाल वर्मा
2. चतुरसेन शास्त्री
3. रांगेय राघव
4. मैत्रेयी पुष्पा
इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?
(A) 2, 3 और 4
(B) 1, 3 और 4
(C) 1, 2 और 4
(D) 1, 2 और 3

29. हिंदी की उपभाषाएँ हैं :
1. पूर्वी
2. पश्चिमी
3. राजस्थानी
4. गुजराती
इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?
(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4
(D) 1, 2 और 4

30. स्वच्छंद काव्यधारा के कवि हैं :
1. घनानंद
2. सेनापति
3. ठाकुर
4. बोधा
इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?
(A) 1, 2 और 3
(B) 1, 3 और 4
(C) 1, 2 और 4
(D) 2, 3 और 4

31. हिंदी भाषा के विकास का **सही** अनुक्रम है :
(A) प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, पालि
(B) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश
(C) पालि, प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश
(D) संस्कृत, पालि, अपभ्रंश, प्राकृत

32. रीतिकालीन कवियों का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :
(A) चिंतामणि, देव, भिखारीदास, द्विजदेव
(B) देव, चिंतामणि, भिखारीदास, द्विजदेव
(C) चिंतामणि, भिखारीदास, देव, द्विजदेव
(D) भिखारीदास, द्विजदेव, देव, चिंतामणि

33. कालक्रमानुसार आलोचकों का **सही** अनुक्रम है :
(A) लोंजाइनस, सार्त्र, रिचर्ड्स, क्रोचे
(B) क्रोचे, सार्त्र, रिचर्ड्स, लोंजाइनस
(C) रिचर्ड्स, क्रोचे, लोंजाइनस, सार्त्र
(D) क्रोचे, लोंजाइनस, सार्त्र, रिचर्ड्स,

34. निम्नलिखित पत्रिकाओं के प्रकाशन का **सही** क्रम है :
(A) सरस्वती, सुधा, वसुधा, कवि वचनसुधा
(B) सुधा, कवि वचनसुधा, सरस्वती, वसुधा
(C) कवि वचनसुधा, वसुधा, सुधा, सरस्वती
(D) कवि वचनसुधा, सरस्वती, सुधा, वसुधा

35. निम्नलिखित कहानियों का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) दुलाईवाली, ऐ लड़की, परदा, ममता

(B) दुलाईवाली, परदा, ऐ लड़की, ममता

(C) दुलाईवाली, ममता, परदा, ऐ लड़की

(D) ममता, परदा, दुलाईवाली, ऐ लड़की

36. रचनाकाल की दृष्टि से जायसी की कृतियों का **सही** वर्ग है :

(A) मधुमालती, अखरावट, चंदायन, आखिरी कलाम

(B) चंदायन, कान्हावत, जयमयंक जसचंद्रिका, कहरानामा

(C) चित्रावली, अखरावट, आखिरी कलाम, चंदायन

(D) पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम, कहरानामा

37. लंबी कविता के संदर्भ में कौन-सा वर्ग **संगत** है ?

(A) सरोज स्मृति, नौका विहार, अशोक की चिंता, गीत फरोश

(B) परिवर्तन, जूही की कली, कुआनो नदी, समय देवता

(C) पटकथा, राम की शक्ति-पूजा, अंधेरे में, प्रलय की छाया

(D) एक तारा, मैं अकेला, तुलसीदास, ब्रह्म-राक्षस

38. प्रेमचंद के उपन्यासों का **सही** वर्ग है :

(A) प्रेमाश्रम, प्रेमसरोवर, चंद्रावली, गोदान

(B) सेवासदन, रंगभूमि, कायाकल्प, मंगलसूत्र

(C) जहाज का पंछी, झूठा सच, निर्मला, सेवासदन

(D) कायाकल्प, कर्मभूमि, कंकाल, मंगलसूत्र

39. उपन्यास विधा की दृष्टि से कौन-सा वर्ग **संगत** है ?

(A) बबूल, जल टूटता हुआ, रागदरबारी, कब तक पुकारूँ

(B) चीफ़ की दावत, कितने पाकिस्तान, अंधेर नगरी, भारत भारती

(C) चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त, आषाढ़ का एक दिन, अलग अलग वैतरिणी

(D) कलम का सिपाही, आवारा मसीहा, प्रेमचंद घर में, ठेले पर हिमालय

40. कालक्रम की दृष्टि से पंत की रचनाओं का कौन-सा वर्ग **संगत** है ?

(A) उच्छ्वास, ग्रंथि, वीणा, नीरजा

(B) ग्रंथि, वीणा, वाणी, लहर

(C) उच्छ्वास, वाणी, वीणा, पैशोला की प्रतिध्वनि

(D) उच्छ्वास, ग्रंथि, वीणा, वाणी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



41. निम्नलिखित कवियों और कृतियों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | नरेश मेहता | (1) | अग्निलीक |
| (*b*) | रघुवीर सहाय | (2) | कनुप्रिया |
| (*c*) | भारतभूषण अग्रवाल | (3) | मायादर्पण |
| (*d*) | धर्मवीर भारती | (4) | प्रवाद पर्व |
| | | (5) | आत्महत्या के विरुद्ध |

इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 5 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (D) | 3 | 5 | 4 | 1 |

42. भक्त कवियों और संप्रदायों को सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | परमानंददास | (1) | सखी संप्रदाय |
| (*b*) | भगवानदास | (2) | चैतन्य संप्रदाय |
| (*c*) | हित हरिवंश | (3) | निंबार्क संप्रदाय |
| (*d*) | स्वामी हरिदास | (4) | वल्लभ संप्रदाय |
| | | (5) | राधावल्लभ संप्रदाय |

इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 5 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (C) | 4 | 2 | 5 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 5 | 2 |

43. लेखकों और उनकी कृतियों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | शिवप्रसाद सिंह | (1) | आधा गाँव |
| (*b*) | मैत्रेयी पुष्पा | (2) | महासमर |
| (*c*) | राही मासूम रज़ा | (3) | मुझे चाँद चाहिए |
| (*d*) | नरेंद्र कोहली | (4) | चाक |
| | | (5) | नीला चाँद |

इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

44. समीक्षकों को उनके वादों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मलार्मे | (1) | स्वच्छंदतावाद |
| (*b*) | वर्ड्सवर्थ | (2) | प्रतीकवाद |
| (*c*) | सार्त्र | (3) | बिंबवाद |
| (*d*) | एजरा पाउंड | (4) | अस्तित्ववाद |
| | | (5) | अभिव्यंजनावाद |

इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 5 | 3 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

45. ध्वनियों और उच्चारण स्थानों को सुमेलित कीजिए :

(*a*) घ (1) तालव्य

(*b*) ल (2) काकल्य

(*c*) फ (3) कोमल तालव्य

(*d*) ह (4) वर्त्स्य

(5) दंत्योष्ठ्य

इनमें कौन-सा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 5 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

46. **स्थापना** : काव्यशिल्प की दृष्टि से भक्तिकाल का काव्य बहुत ही समृद्ध है ।

**तर्क** : क्योंकि अधिकतर कवि कलावादी थे।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।

(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों सही हैं।

(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों गलत हैं।

(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

47. **स्थापना** : सूफी कवियों का मुख्य ध्येय था, अपने मज़हब का प्रचार करना ।

**तर्क** : सूफी कवि कट्टरपंथी थे।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।

(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों सही हैं।

(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों गलत हैं।

(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

48. **स्थापना** : बिहारी का काव्य अभिधाप्रधान है।

**तर्क** : बिहारी के काव्य में वाग्वैदग्ध्य बहुत है।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।

(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों सही हैं।

(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों गलत है।

(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

49. **स्थापना** : आधुनिककाल को गद्यकाल भी कहा जा सकता है ।

**तर्क** : आधुनिककाल में संख्या की दृष्टि से गद्य रचनाएँ अधिक हैं ।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।

(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों सही हैं।

(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों गलत हैं।

(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

50. **स्थापना** : 'कामायनी' का मुख्य प्रतिपाद्य है आनंदवाद ।

**तर्क** : प्रसाद वल्लभाचार्य से प्रभावित थे।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।

(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों सही हैं।

(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क, दोनों गलत हैं।

(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

www.prepp.in



Space for Rough Work

कच्चे कार्य के लिए स्थान

Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



Space for Rough Work

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

www.prepp.in



**ROUGH WORK**

www.prepp.in

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



**ROUGH WORK**

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in



## ROUGH WORK

Your Personal Exam Guide